# कोविड टीकाकरण का शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल

## चर्चा में क्यों?

9 नवंबर, 2021 को कोरोना वैक्सीनेशन में रायगढ़ ज़िले ने शत-प्रतिशत टीकाकरण करने का लक्ष्य हासिल कर इतिहास रच दिया है।

## प्रमुख बिंदु

- रायगढ़ ज़िले में टीकाकरण की शुरुआत 16 जनवरी, 2021 को हुई थी। मात्र 298 दिनों में ज़िले ने शत-प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य हासिल कर लिया है।
- रायगढ़ ज़िले में 10 लाख 68 हज़ार 456 लोगों को टीके लगाए जाने का लक्ष्य था, जिसे पूरा करते हुए इतने लोगों को टीके के दोनों डोज लगाई जा चुकी हैं। ज़िले में अब तक पहली व दूसरी डोज मिलाकर कुल 21 लाख 47 हज़ार 169 टीके लगाए गए हैं।
- रायगढ़ ज़िला टीकाकरण के मामले में पूरे प्रदेश में शुरू से अव्वल रहा है और आज की उपलब्धि ने ज़िले को टीकाकरण के मामले में न केवल राज्य में शीर्ष स्थान प्रदान किया है, बल्कि रायगढ़ ने देश के ऐसे टॉप ज़िलों में अपनी जगह बनाई है, जिन्होंने सबसे पहले अपनी आबादी को टीका की दोनों डोज लगा चुके हैं।
- रायगढ़ के लिये 26 जून का दिन ऐतिहासिक रहा। इस दिन पूरे प्रदेश में एक दिन में सबसे अधिक एक लाख 43 हज़ार से अधिक लोगों को टीके लगाने का रिकॉर्ड बनाया गया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/100-percent-target-of-covid-vaccination-achieved